आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

प्रधानमंत्री – शहीद दिवस–

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सैनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने डॉक्टर लोहिया को दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर लोहिया ने अपना जीवन वंचितों को सशक्त बनाने और एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

हरित ऊर्जा

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कल देर शाम नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से डॉक्टर मनमोहन सिंह राज्य लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा में समृद्ध हिमाचल–2045 तीन दिवसीय भौतिक विचार मंथन अभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगोष्ठियों व चर्चाओं के माध्यम से प्रदेश के सतत् आर्थिक विकास में 20 वर्षीय कार्य योजना तैयार करना है। उन्होंने बताया कि अगले वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, ऊर्जा क्षेत्र के विकास, पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन और शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र की अधोसंरचना पर ध्यान केन्द्रित किया है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का अर्थ आत्मनिर्भर हिमाचल बनने की ओर अग्रसर होना है।

प्याज निर्यात

केंद्र ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि रबी फसलों के अधिक उत्पादन की संभावना के बाद थोक और खुदरा कीमतों में कमी आई है। अनुमान के अनुसार, रबी मौसम में प्याज सहित अन्य फसलों के अधिक उत्पादन से आने वाले महीनों में बाजार मूल्यों में और गिरावट आने की संभावना है।

कुलपति

प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कुलपति सतप्रकाश बंसल ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में विश्वविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति के कार्यभार के रूप में उन्होंने 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है और परीक्षाओं में पारदर्शिता के साथ समय पर परिणाम निकालना उनकी एक बड़ी उपलब्धि है। कुलपति ने कहा कि इस दौरान विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति को लागू किया और ए–ग्रेड को बनाए रखने में भी कामयाबी हासिल की है। सतप्रकाश बंसल ने कहा कि प्रदेश विश्वविद्यालय आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रहा है और लगभग 40 से 50 करोड़ का राजस्व अपने साधनों से अर्जित करने वाला है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के एल्यूमनाई कार्यक्रम में सौ रत्नों को सम्मानित किया गया जबकि एल्यूमनाई भवन भी जल्द बनने जा रहा है। इस मौके पर कुलपति ने राज्यपाल और राज्य सरकार से उन्हें कुलपति के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करने का आग्रह भी किया।

उच्च न्यायालय

चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटिड के निलंबित निदेशक देशराज को प्रदेश उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत नहीं दी है। न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की अदालत ने पुलिस को इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट दायर करने को कहा है। अगली सुनवाई कल 24 मार्च को होगी।